असाइनमेंट　　　विषय :- हिंदी　　　कक्षा :- तीसरी　　　शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- ________________　　सेक्शन :- _________　　रोल नंबर :- _______दिनांक :- ____/11/2021

यह ग्दयांश 'सुरुचि' पुस्तक (पेज नंबर - 133) पर करें|

अपठित ग्दयांश

अपठित ग्दयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अनुराग एक शरारती लड़का था। वह रोज़-रोज़ नई-नई शैतानियाँ करता था। सभी लोग उसकी शैतानियों से परेशान थे। कभी वह फूल-पत्तियों और पौधों को तोड़ देता तो कभी पक्षियों के घोंसले को नष्ट कर देता।

एक दिन उसने विद्यालय के बगीचे के बहुत सारे फूल तोड़ दिए। उसके मित्र विशाल ने समझाया कि फूलों को तोड़ना नहीं चाहिए।

क)　अनुराग कैसा लड़का था?

उत्तर　अनुराग शरारती लड़का था।

ख)　अनुराग कैसी शैतानियाँ करता था?

उत्तर　अनुराग नई शैतानियाँ करता था।

ग)　विशाल ने अनुराग को क्या समझाया?

उत्तर　विशाल ने अनुराग को समझाया कि फूलों को तोड़ना नहीं चाहिए।

घ)　'फूल' का एक पर्यायवाची बताइए |

उत्तर　पुष्प, कुसुम, सुमन |

<u>मेरा प्रिय मित्र</u>

1) सौरभ मेरा प्रिय मित्र है। / आरती मेरी प्रिय सखी है।

2) वह मेरे पड़ोस में ही रहता/रहती है।

3) हम दोनों एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं।

4) हमारी कक्षा भी एक ही है।

5) हम दोनों एक साथ विद्यालय जाते हैं।

6) वह बहुत होशियार है।

7) खेल में भी वह हमेशा आगे रहता/ रहती है।

8) हम दोनों साथ-साथ पढ़ते हैं और साथ-साथ खेलते हैं।

9) वह बड़ों का आदर करता / करती है ।

10) मैं उससे बहुत प्यार करता/करती हूँ।

<u>विशेषण</u>

<u>परिभाषा</u> - संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं और जिस शब्द की विशेषता बताई जाए , उसे विशेष्य कहते हैं।

उदाहरण-1)रिया ने **तीन** गुब्बारे खरीदे।

2) वहाँ **सुन्दर** फूल लगे थे |

3)आरोही **कमज़ोर** है |

4) मुझे **तीन मीटर** कपड़ा दो |

उपर्युक्त वाक्यों में **'तीन'** शब्द गुब्बारे की, **'सुन्दर'** शब्द फूल की, **'कमज़ोर'** शब्द आरोही की, और **'तीन मीटर'** शब्द कपड़े की विशेषता बता रहे हैं| अतः ये शब्द विशेषण हैं | और 'गुब्बारे', 'फूल', 'आरोही' और कपड़े शब्द विशेष्य शब्द है जिसकी विशेषता बताई जा रही है |

<u>कुछ विशेषण शब्द</u>

गुण-दोष - वीर, अच्छा बुद्धिमान मूर्ख, बुरा कायर

रंग-रूप - काला, सफेद,गोरा, सुंदर, असुंदर

आकार - गोल, छोटा, बड़ा, ऊँचा, नीचा, मोटा, पतला

अवस्था - बचपन, गरीब अमीर,युवा, बूढ़ा

माप-तौल - चार मीटर, दूसरा, पाँच, एक चम्मच।

प्रश्न 1 :-विशेषण और विशेष्य शब्दों के जोड़े बनाइए।

1)	मासिक	a)	मित्र
2)	गहरी	b)	पत्रिका
3)	मीठे	c)	नदी
4)	सच्चे	d)	तरबूज़
5)	बहुत	e)	शहर
6)	ऊँची	f)	संगमरमर
7)	सफ़ेद	g)	मीनार
8)	दस	h)	चोट
9)	सुंदर	i)	वर्ष

प्रश्न 2 :- कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

1) सचिन तेंदुलकर ________________ है। (खिलाड़ी /गरीब)

2) ऊँट बहुत _______________ है। (चौड़ा /लंबा)

3) ये आम _______________ हैं (पके / पक्के)

4) यह _______________ पहलवान है (ताकतवर / हरा)

5) यह मेज़ ______________ है (मजबूत / नमकीन)

6) _____________ कुत्ता भौंक रहा है (काला /भारी)

7) ____________ लड़कियाँ गा रही है (दो / मुझे)

8) उसने ______________ चावल बहन को दिए (कुछ/ भारी)

उत्तर

प्रश्न 1

1)	b	2)	c	3)	d	4)	a	5)	h
6)	g	7)	f	8)	i	9)	e		

प्रश्न 2

1) खिलाड़ी

2) लंबा

3) पके

4) ताकतवर

5) मजबूत

6) काला

7) दो

8) कुछ